तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 बैसाख में बारिश : शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में जमकर बरसे बादल



**बवासीर का आधुनिक इलाज**
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
**गुप्ता हॉस्पिटल**
**डॉ. शुभम् गुप्ता**
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
**7400009183**

## खबर संक्षेप

### मयंक अग्रवाल होंगे कोरबा डीएफओ

**कोरबा।** राज्य सरकार ने सोमवार को 35 आईएफएस अफसरों का तबादला किया है जिसमें कोरबा वनमंडलाधिकारी अरविंद पीएम का तबादला रायगढ़ किया गया है जबकि बलौदा बाजार में पदस्थ वनमंडलाधिकारी मयंक अग्रवाल को कोरबा वनमंडलाधिकारी बनाया गया है।

### राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के पदों पर दावा आपत्ति 6 तक

**कोरबा।** जिला में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत जिला विकासखंड स्तर पर कुल रिक्त 13 संविदा पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी कर निर्धारित शर्तों एवं मापदण्डों के अनुसार अर्हताधारी इच्छुक अभ्यर्थियों से 28 फ़रवरी से 20 मार्च तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदनों के सारणीकरण उपरांत 23 अप्रैल को जिला स्तरीय चयन समिति के परीक्षण, अनुमोदन पश्चात प्रारंभिक सूची पात्र, अपात्र का निर्धारण करते हुए दावा आपत्ति आहूत की गई है। समस्त अभ्यर्थी आवश्यकतानुसार उपरोक्त पद हेतु जारी प्रारंभिक सूची एवं सूचना पटल का अवलोकन करते हुए 28 अप्रैल से 6 मई कार्यालयीन दिवस एवं समय में बिहान कार्यालय कक्ष क्र. 17 में निर्धारित प्रारूप में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि पश्चात किसी भी माध्यम से प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार मान्य नहीं होगा।

### पीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्र अध्यक्ष एवं ऑब्जर्वर नियुक्त

**कोरबा।** जिले में आयोजित पीपीटी प्रवेश परीक्षा 1 मई को पूर्वान्ह 9 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के लिए अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख दर्शित परीक्षा केन्द्रों में प्रशासनिक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है, तथा यह निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा तिथि 1 मई को गोपनीय सामग्री प्राप्त करने हेतु अपने वाहन के साथ जिला कोषालय कोरबा में प्रातः 7 बजे उपस्थित होने कहा गया है। सभी पर्यवेक्षक संबंधित परीक्षा केन्द्रों की गोपनीय सामग्री प्राप्त कर परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्रों में पहुंचाएंगे एवं परीक्षा के प्रारंभ से परीक्षा समाप्ति तक व्यापम के निर्देशों का पालन करेंगे तथा गोपनीय सामग्री परीक्षा समाप्ति पश्चात समन्वयक केन्द्र, शास पीजी कालेज में जमा करेंगें। समस्त प्रशासनिक पर्यवेक्षकों की 30 अप्रैल को शास पीजी कालेज में दोपहर 12 बजे ब्रिफिंग हेतु बैठक रखी गई है। उक्त बैठक में सभी आब्जर्वर, रिजर्व आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्षों, उड़नदस्ता दल को उपस्थित होना अनिवार्य है। परीक्षा हेतु अधिकारियों को ऑब्जर्वर एवं केंद्र अध्यक्ष बनाया गया है। परीक्षा केंद्र पीजी कालेज के केंद्र अध्यक्ष डॉ श्रीमती शिखा शर्मा, ऑब्जर्वर एमएस कंवर, निर्मला इंग्लिश हायर सेकेंडरी रिसदी की केंद्र अध्यक्ष सुश्री सनी मेरी,ऑब्जर्वर बीपीचतुर्वेदानी, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के केन्द्र अध्यक्ष जीएल सोनकर तथा ऑब्जर्वर प्रदीप साहू को बनाया गया है।

### तीन परीक्षा केंद्रों में बैठेंगे 12 सौ परीक्षार्थी

**कोरबा।** पीपीटी प्रवेश परीक्षा 1 मई को पूर्वान्ह 9 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित होगी। जिला में 1 मई की परीक्षा 3 परीक्षा केन्द्रों में 12 सौ परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पीजी कॉलेज को मार्गदर्शन केन्द्र बनाया गया है। उक्त परीक्षा के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 6 वरिष्ठ लिपिक, परीक्षा शाखा में अस्थायी कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

# बारिश व मौसम की ऐसी मार हरा सोना की क्वालिटी हुई कमजोर, संग्रहण में रुकावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की कोरबा और कटघोरा वनमंडल में 1-2 मई से तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू किया जाना था लेकिन मौसम के बदलते तेवर और झमाझम तेज आंधी बारिश ने वन विभाग के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। झमाझम बारिश की वजह से तेंदूपत्ते की क्वालिटी कमजोर हो गई है। अब वन विभाग के अधिकारी तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए नए सिरे से प्लान करेंगे। इसके लिए विभाग के अफसर ने आनन फानन में प्रबंधकों की बैठक भी ली है ताकि कब से तेंदूपत्ता तोड़ने का काम शुरू किया जा सके।

**अलग खबर**

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा और कटघोरा वनमंडल में हरे सोने की क्वालिटी प्रदेश में बहुत बेहतर होती है यही वजह है कि देश के विभिन्न राज्यों के ठेकेदार कोरबा व कटघोरा वनमंडल के तेंदूपत्ता को हाथोंहाथ खरीदने हैं। दोनों वनमंडल में तेंदूपत्ता तोड़ने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी थी। विभाग ने लगभग सारी तैयारियां भी पूरी कर ली थी लेकिन पिछले दो दिनों से मौसम के बदलते तेवर की वजह से विभाग को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को जिस तरह से मौसम ने एक बार फिर से अचानक करवट बदली और तेज आंधी बारिश के साथ लगभग 1 घंटे तक झमाझम बारिश हुई है जिससे तेंदूपत्ता की क्वालिटी बहुत कमजोर हुई है। बताया जाता है कि वन विभाग के अधिकारी अब 1 या 2 मई को तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू करना नहीं चाहते हैं अब अधिकारी 30 अप्रैल या 1 मई को जंगलों में दौरा करेंगे और तेंदूपत्ता की क्वालिटी पर इसका क्या असर पड़ा है इस पर विचार करेंगे। इसके बाद संभवतः 4 या 5 मई को मौसम ने साथ दिया तो तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू कराया जाएगा। जिस तरह से सोमवार को जिले में बारिश हुई है इससे तेंदूपत्ता की क्वालिटी बहुत कमजोर हुई है अब वन विभाग के अधिकारी और संग्रहणकर्ता परिवार अब यही चाह रहे हैं कि अब दोबारा मौसम करवट ना बदले और तेज धूप के साथ जमकर गर्मी पड़े तो आने वाले दिनों में कम से कम क्वालिटी बेहतर हो सकेगी और तेंदूपत्ता तोड़ने का काम शुरू भी किया जा सकेगा अन्यथा और आने वाले दिनों में इसी तरह की बारिश होती रही तो तेंदूपत्ता की क्वालिटी पर इसका सीधा असर पड़ेगा।

### तेंदूपत्ता तोड़ने की उल्टी गिनती शुरू

**खास बात**
- जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में 1 व 2 मई को संग्रहण का काम होता था शुरु



## डीएमएफ मद से हुई थी 38 मशीनों की खरीदी

# वापस किए जाएंगे मेडिकल कॉलेज को मिले टूटे हुए चिकित्सकीय उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मेडिकल कॉलेज को डीएमएफ मद से मिले कुछ चिकित्सकीय उपकरण के खराब होने के मामले में उन्हें वापस करने का निर्णय लिया गया है। ऐसे 38 मशीनें मेडिकल कॉलेज को सप्लाई की गई थी

**खास बात**
- जांच के दौरान उपकरणों के खराब होने का मामला आया सामने

जिसमें से 25 मशीनें ही सही निकली हैं। खराब उपकरणों में खून जांच की सबसे महंगी मशीन ब्लड स्प्लेटर भी शामिल हैं।

मेडिकल कॉलेज को सुविधाजनक बनाने के लिए लगातार उसे आधुनिक मेडिकल मशीनों से अपडेट किया जा रहा है, कहीं राज्य शासन के मद से तो कहीं डीएमएफ मद से। 4 करोड़ 30 लाख की लागत से तमाम तरह की मेडिकल मशीनें मेडिकल कॉलेज को सप्लाई की गई थी जो विभिन्न तरह की जांच में शामिल हैं। ऐसे मशीनों की सप्लाई हुए 6 माह का लंबा समय बीत चुका है और जब उसका परीक्षण का काम शुरु हुआ तो उन उपकरणों में तकनीकी खराबी सामने आने लगी। इनमें हमर लैब के लिए आपूर्ति की गई ब्लड स्प्लेटर मशीन प्रमुख रुप से शामिल है। मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों का कहना है कि उक्त मशीन को शिफ्ट करने के दौरान नुकसान हुआ है। जबकि सूत्र बताते हैं कि उक्त मशीन टूटी हुई आई थी जो परीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ है। खराब चिकित्सकीय उपकरण के मामले में कलेक्टर अजीत वसंत ने संज्ञान लेते हुए ऐसे चिकित्सकीय उपकरण को वापस करने के निर्देश दिए हैं।




फाइल फोटो

### नहीं हुआ बिल का भुगतान

जिस सप्लाई कंपनी के द्वारा 4 करोड़ के चिकित्सकीय उपकरण की आपूर्ति की गई थी उनके उपकरणों में तकनीकी खराबी को देखते हुए उनके बिल का भुगतान नहीं किया गया है। इस संबंध में सप्लाई वाली कंपनी को भी उनके द्वारा भेजे गए उपकरणों में तकनीकी खराबी आने की सूचना भी भेज दी गई है और इसे देखते हुए मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों ने बिल भुगतान करने की कार्यवाही की है।

### खराब उपकरण वापस किए जाएंगे

ब्लड स्प्लेटर मशीन खराब निकली है, कुल 38 सामग्री मेडिकल कॉलेज को मिली थी उसमें से 25 सामग्री सही है। शेष का परीक्षण कराया जा रहा है और भी उपकरण खराब निकलेंगे तो उन्हें भी वापस किया जाएगा। लगभग 46 लाख की लागत की मशीन है जिसे वापस किया जाएगा।

**- एसएन केशरी,** सीएचएमओ

# पसान क्षेत्र के दो गांवों में चोरों ने बोला धावा, लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पसान थाना क्षेत्र में चोरों ने अलग अलग दो गांव में धावा बोलकर चोरी की दो वारदात को अंजाम दिया है। मकान मालिकों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की पतासाजी शुरु कर दी है।

पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोडगार मुहल्ला चारपारा निवासी जमुना प्रसाद कुर्रे उम्र 36 वर्ष पिता धनसाय कुर्रे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 27 अप्रैल की रात्रि लगभग 10 से 11 बजे के वह खाना खाकर अपने घर के छत पर सपरिवार सो रहा था तथा मुख्यद्वार में ताला लगा हुआ था। जब 28 अप्रैल की सुबह 6 बजे उठकर देखा तो घर के मुख्यद्वार का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर से अलमारी से नगदी 70 हजार, सोने का मंगलसूत्र आधा तोला, पायल और चांदी की बिछिया कुल लगभग 90 हजार रुपए के माल अज्ञात चोरों के द्वारा पार कर दिया गया है। जमुना प्रसाद की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

इसी तरह चोरी की दूसरी घटना भी पसान थाना क्षेत्र में घटित हुई है। पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरीया खालापारा निवासी बूधराम अगरिया उम्र 60 वर्ष पिता स्व मंगलसाय ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके परिवार के लोग दिपावली समय से पुराने घर कोटमर्रा में रहते हैं और बुधराम अपने ससुराल पिपरीया के घर पर अकेले रहता है और किसान लोगों के नागर हल के लोहा का काम करता है तथा रकम कमाकर अपने गांव कोटमर्रा जाता है। 21 अप्रैल की सुबह 9 बजे घर में ताला बंद कर के अपने गांव जाने के लिए पिपरीया ससुराल घर से निकला था। जब 26 अप्रैल की सुबह लगभग 8 बजे पिपरीया के घर पहुंचा तो देखा कि उसके घर का मुख्यः दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। घर के अंदर कमरे में रखा 8 कटटा धान फूल कांशा का 3 नग थाली, 3 नग लोटा, बसुला 2 नग, डेगची 2 नग, गंजीया 1 नग सहित अन्य सामानों को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। बुधराम की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

# ग्रामीण अंचल में टंकी निर्माण के बाद भी नहीं हो रही पानी की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन जिसमें हर घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की है लेकिन जिम्मेदार लोगों की अनदेखी और भ्रष्टाचार के कारण निर्माण हुए पानी टंकी सफेद हाथी

**खास बात**
- पाली ब्लाक के ग्रामों में जल आवर्धन के साथ जल जीवन मिशन से भी नहीं मिला पानी

साबित हो रहें हैं लोगों को आज तक एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। पाली विकास खंड अंतर्गत आने वाले चोढ़ा पंचायत की यहाँ सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत 150.61 लाख रुपये की लागत से लगभग एक वर्ष पूर्व पानी टंकी और घर-घर नल कनेक्शन के लिए पाईप लाईन बिछाया गया है लेकिन इतनी बड़ी रकम खर्च करने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता के कारण ग्रामवासियों को एक बूंद पानी नसीब नहीं हो पाया है। जिलेभर के अधिकांश पंचायतों में ऐसी स्थिति देखी जा सकती है शासन प्रशासन घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लाखों करोड़ों रुपये खर्च कर रहा लेकिन इसका फ़ायदा लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है।



पाली ब्लाक के ग्राम चोढ़ा में बना ओवरहेड पानी टंकी।

# पंजीयन कार्यालय में पसरा रहा सन्नाटा, नहीं हुई रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शनिवार, रविवार अवकाश होने के कारण पंजीयन कार्यालय में दस्तावेज पंजीयन का कार्य बंद रहे। सोमवार को भी नया सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण देने के लिए सभी पंजीयन कार्यालयों में दस्तावेज पंजीयन का कार्य नहीं

**खास बात**
- नया सॉफ्टवेयर का विभागीय कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हुआ। इस तरह लगातार तीन दिन दस्तावेज पंजीयन का कार्य जिले के किसी भी पंजीयन कार्यालय में नहीं होने से जमीन रजिस्ट्री के सैंकड़ों कार्य प्रभावित हुए।

राज्य शासन के द्वारा जमीन नामांतरण के लिए नया सॉफ्टवेयर लाया गया है। इस नये सॉफ्टवेयर में जमीन के रजिस्ट्री के साथ उसके नामांतरण का अधिकार भी रजिस्टार को दिया गया है। पहले यह अधिकार तहसीलदार को था। रजिस्टार केवल जमीन की रजिस्ट्री करते थे और नामांतरण की कार्यवाही तहसील कार्यालय के द्वारा की जाती थी। जिससे काश्तकार पक्षकार नामांतरण को लेकर महीनों तहसील कार्यालय के चक्कर काटते थे। राज्य शासन ने इस व्यवस्था में बदलाव करते हुए जमीन नामांतरण का अधिकार तहसीलदार से छीनकर रजिस्टार को ही दे दिया है और इसके लिए नया सॉफ्टवेयर लॉच किया गया। इस सॉफ्टवेयर में किस तरह से जमीन नामांतरण किया जाएगा उसका प्रशिक्षण देने के लिए जिले के सभी पंजीयन कार्यालय के विभागीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया था जिसके कारण शुक्रवार को ही किसी भी दस्तावेज पंजीयन के लिए सोमवार को कोई तिथि नहीं दी गई थी और आमपक्षकारों को इसकी सूचना भी दे दी गई थी। रजिस्टार दफ्तर में दस्तावेज पंजीयन नहीं होने से सूनसान नजर आ रहे थे।




फाइल फोटो

### जिले में यहां होते हैं दस्तावेज पंजीयन

जिले में कोरबा जिला मुख्यालय के अलावा कटघोरा ब्लॉक मुख्यालय तथा हरदीबाजार तहसील कार्यालय और पाली पंजीयन कार्यालय में जमीनों के दस्तावेज पंजीयन का काम होता है। इनमें वर्तमान में कटघोरा और हरदीबाजार पंजीयन कार्यालय में एसईसीएल प्रभावित ग्रामों के भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही होने से सर्वाधिक दस्तावेज पंजीयन होते हैं।

### मंगलवार से होंगे पंजीयन

नए सॉफ्टवेयर की वजह से रायपुर मंत्रालय में विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंजीयन अधिकारी उपस्थित थे जिसके वजह से दस्तावेज पंजीयन का कार्य नहीं हुआ। उक्त दस्तावेजों का पंजीयन अब मंगलवार को होगा।

**- आशु अग्रवाल,** रजिस्टार कोरबा

## कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की ली समीक्षा बैठक

# आंबा केंद्र में लकड़ी का चूल्हा जलने पर सीडीपीओ होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सभी परियोजना अधिकारियों को आंगनबाड़ी केन्द्र वार मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि किसी आंगनबाड़ी केन्द्र में लकड़ी से चूल्हा जलाने की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित सीडीपीओ के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने डीपीओ को निर्देशित किया कि परियोजनावार आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने एकीकृत बाल संरक्षण योजना अंतर्गत विभिन्न रिक्त पदां पर भी शीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश देते हुए परीक्षा के आयोजन के दौरान प्रश्न पत्र तैयार करने से लेकर अन्य प्रक्रिया तक गोपनीयता को ध्यान रखने और पारदर्शी तरीके से भर्ती पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि नए भवन की स्वीकृती से पूर्व संबंधित परियोजना अधिकारी यह परीक्षण कर लें की पूर्व में उक्त आंगनबाड़ी भवन हेतु स्वीकृती तो नहीं है। उन्होंने 0-6 वर्ष तक के बच्चों का आधार सत्यापन के कार्या में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रोथ मॉनिटरिंग, पूरक पोषण आहार, फेशियल रिकॉजनेशन द्वारा टीएचआर का वितरण, पोषण पखवाड़ा, नवा विहान, सखी वन स्टाप सेंटर, मिशन वात्सल्य, किशोर न्याय बोर्ड, जिले में बाल देख रेख संस्था की जानकारी, शासकीय बाल संप्रेषण गृह, चाइल्ड हेल्प लाईन, बाल विवाह रोकथाम, आंगनबाड़ी केन्द्र में शौचालय निर्माण सहित अन्य विषयों पर चर्चा की और दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने रेडी टू ईट हेतु समूह का चयन एवं युनिट स्थापना की प्रक्रिया को 1 माह के भीतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुशासन तिहार अंतर्गत विभाग को प्राप्त आवेदन का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोषण देख रेख कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और जरूरत मंद बच्चों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। इस दौरान महिला एवं बाल विकास के अधिकारी उपस्थित थे।



समीक्षा बैठक लेते कलेक्टर व उपस्थित अधिकारी।

# 9 माह से लापता युवती को लेमरू पुलिस ने खोज निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लेमरू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुंदरीचिंगार ग्राम पंचायत डोकरमना निवासी फरियादी फते सिंह पोर्ते द्वारा अपनी 20 वर्षीय पुत्री के 9 माह पूर्व अचानक लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। युवती 12वीं कक्षा की पढ़ाई कर रही थी और कार्यवश रायपुर गई लेकिन जब जुलाई-अगस्त 2024 में परिजनों से संपर्क टूटने के पश्चात युवती का कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना लेमरू पुलिस द्वारा गुम इंसान क्रमांक 01/2025 के तहत सतत प्रयास किए गए। मोबाइल नंबर के साइबर तकनीकी विश्लेषण तथा साइबर सेल कोरबा के सहयोग से युवती की लोकेशन ट्रेस की गई। जांच के दौरान युवती को महाराष्ट्र राज्य के पुणे जिले के हिंजवड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत से सुरक्षित बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर युवती को परिजनों के सुपुर्द किया गया।

**खास बातें**
- जुलाई-अगस्त 2024 से हुई थी लापता
- लेमरु थाना क्षेत्र के ग्राम कुदरीचिंगार का मामला

## खबर संक्षेप

### गांजा व अवैध शराब बेचते दो महिला सहित 3 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** सीपत पुलिस ने क्षेत्र में दबिश देकर गांजा व अवैध शराब बेचने वाले दो महिला सहित 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। सीपत टीआई गोपाल सतपति ने स्टाप के साथ इलाके में पतासाजी कर गांजा बेचने वाली मटियारी निवासी लक्ष्मी बाई मालिया पति ईश्वरी लाल 36 साल को पकड़कर उसके पास से 2 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया है। इसी तरह बिटकुली निवासी आनंद कुंवर सारथी पति सव. रमेश सारथी 35 साल से 110 लीटर व अजय सारथी पिता उमेंद राम 32 साल से 120 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### डायवर्ट होकर चलेंगी एसईसीआर की 10 ट्रेनें

**बिलासपुर।** संबलपुर रेल मंडल के संबलपुर रेलवे स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण 10 ट्रेनों का परिचालन 30 जून तक डायवर्ट रूट से किया जा रहा है। यह सारी ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से रवाना की जाएगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल में रिमाडलिंग का कार्य होगा। संबलपुर और संबलपुर शहर की दूरी लगभग 6 किलोमीटर की है। इस कार्य के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 10 ट्रेनों को डायवर्ट रूट से चलाने का आर्डर जारी किया गया है। इसमें 3, 7, 10, 14, 17, 21, 24, 28 और 31 मई एवं 4, 7, 11, 14, 18, 21, 25 और 28 जून को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलने वाली गाड़ी 12879 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-भुवनेश्वर एक्सप्रेस, 1, 5, 8, 12, 15, 19, 22, 26, 29 मई, 2, 5, 9, 12, 16, 19, 23, 26 एवं 30 जून को भुवनेश्वर से चलने वाली 12880 भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस, 1, 8, 15, 22, 29 मई, 5, 12, 19 एवं 26 जून को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलने वाली 22865 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-पुरी एक्सप्रेस जाने वाली सहित अन्य ट्रेनें शामिल है।

### पुरानी रंजिश पर चाकू से हमला, युवक गंभीर

**बिलासपुर।** कोतवाली क्षेत्र के जूना बिलासपुर में पुरानी रंजिश पर चाकू से हमले का मामला सामने आया है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के जूना बिलासपुर केंवटपारा में रहने वाले प्रवीण केंवट शनिचरी बाजार में फिश सप्लाई की दुकान चलाते हैं। रविवार की रात उनका चचेरा भाई पुनीत केंवट मोहल्ले में टहल रहा था। तभी वहां पर अविनाश उर्फ छोटू पटेल आया और पुरानी बातों को लेकर पुनीत से बहस कर हुए गाली-गलौज करने लगा। इसका विरोध करने पर उसने जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू निकालकर सिर पर हमला कर दिया, इससे वह लहूलुहान हो गया। मारपीट होता देख प्रवीण ने किसी तरह बीच-बचाव किया। इसके बाद उसने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रवीण की रिपोर्ट पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पीएम आवास सर्वे का कल अंतिम दिन

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत मोर द्वार साय सरकार अभियान चलाकर किए जा रहे आवास सर्वे कार्य में बिलासपुर जिला पूरे प्रदेश में अव्वल रहा। अब तक 1 लाख 52 हजार 624 परिवारों का सर्वे किया जा चुका है, जो कि सभी 33 जिलों में टॉप पर है। सर्वे अभियान 30 अप्रैल तक जारी रहेगा। गौरतलब है कि विशेष सर्वेक्षण पखवाडा अंतर्गत राज्य भर में मोर दुवार साय सरकार महाभियान के तहत घर-घर जाकर आवास के लिए छुटे हुए पात्र परिवारों का सर्वे कार्य जारी है। सर्वेक्षकों द्वारा घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में 30 अप्रैल तक सर्वे होगा। जिले में सीईओ जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सर्वेक्षण का कार्य जनपद पंचायतों की निगरानी में ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है।

---

**इस साल 49 कोर्स ही रजिस्टर्ड कराए गए, निजी एजेंसियां भी रुचि नहीं ले रहीं** | **चार साल में दो करोड़ ट्रेनिंग पर खर्च, रोजगार एक चौथाई को भी नहीं मिला**

# ठप रही कौशल विकास की योजना, 750 कोर्स का दावा, 10 ट्रेड से भी कम चल रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर के साथ ही प्रदेश में कौशल विकास की योजना ठप पड़ती दिख रही है। बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराने वाली योजना के लिए प्रशिक्षक ही नहीं मिल रहे हैं। दूसरी ओर वेबसाइट पर साढ़े सात सौ के करीब कोर्स दिखाई जरूर पड़ते हैं लेकिन इसमें से 49 ही रजिस्टर्ड हैं।

इसमें भी बिलासपुर-रायपुर और दूसरी जगहों पर 10 से कम कोर्स में ही ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही पिछले चार साल के आंकड़ों पर गौर करें तो बिलासपुर संभाग में जनवरी 2020 से 2024 तक ट्रेनिंग पर करीब दो करोड़ रुपए खर्च किए गए, लेकिन रोजगार व स्वरोजगार 20 प्रतिशत से कम को ही मिला। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को अलग-अलग ट्रेड के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके बाद उनके चुने गए ट्रेड पर रोजगार व स्वरोजगार दिलाया जाता है, लेकिन आंकड़ों पर नजर डाला जाए तो बिलासपुर संभाग के बिलासपुर, रायगढ़, मुंगेली, जांजगीर-चांपा और कोरबा जिले में कुल 20 हजार के करीब युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंगर्तगत हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इसी तरह सरगुजा संभाग में कोरिया, जशपुर, बलरामपुर, सरगुजा और सूरजपुर जिले में कुल 68 हजार 919 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। इसमें लाखों रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन अब तक इनमें से आधे को भी रोजगार व स्वरोजगार नहीं मिला है।

#### चार सालों में 98 लाख खर्च

जनवरी 2020 से 2024 तक बिलासपुर संभाग में कौशल विकास योजना के तहत बिलासपुर में 130 युवाओं को प्रशिक्षण दिया, जिसमें से सिर्फ 21 को रोजगार दिया गया। इसमें खर्च नहीं दर्शाया गया है। वहीं जांजगीर-चांपा में 754 को प्रशिक्षण जिसमें से सिर्फ 167 को रोजगार, 36 को स्वरोजगार दिया गया। इसमें 29 लाख 73 हजार 836 रुपए खर्च हुए हैं। कोरबा में 369 को प्रशिक्षण दिया, जिसमें से सिर्फ 208 को रोजगार दिया गया, इसमें 41 लाख 52 हजार 846 रुपए खर्च हुआ। रायगढ़ में 91 को प्रशिक्षण, जिसमें से सिर्फ 30 को रोजगार, 9 को स्वरोजगार दिया गया। इसमें 5 लाख 80 हजार 620 रुपए खर्च हुए। मुंगेली में 40 को प्रशिक्षण दिया, जिसमें से सिर्फ 22 को रोजगार दिया गया है और इसमें 15 लाख 13 हजार 532 रुपए खर्च हुए हैं।

#### लगातार गिर रहे आंकड़े


विभाग की ही मानें तो वर्ष 2016-17 में बिलासपुर जिले में 6 हजार 868, 2017-18 में 7 हजार 442 और 2018-19 में यह आंकड़े गिरते हुए 2 हजार 917 पर आ गया। कुल 17 हजार 261 युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। इसी तरह जांजगीर-चांपा में वर्ष 2016-17 में 4 हजार 663, 2017-18 में 7 हजार 144, 2018-19 में 3 हजार 865 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। मुंगेली में वर्ष 2016-17 में 2 हजार 563, 2017-18 में 4 हजार 144, 2018-19 में 2 हजार 335 यानी कुल 9 हजार 12 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। रायगढ़ में वर्ष 2016-17 में 5 हजार 301, 2017-18 में 5 हजार 563, 2018-19 में 2 हजार युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया।

#### पसंद के कोर्स की ट्रेनिंग नहीं

हालांकि इसमें सबसे बड़ा कारण प्रशिक्षण देने के लिए एजेंसियां को आगे नहीं आना भी है। जिसके कारण विद्यार्थियों को पसंद के कोर्स की ट्रेनिंग नहीं मिल रही। जिले में ही कौशल विकास के तहत 49 के करीब कोर्स पंजीकृत हैं लेकिन ट्रेनिंग 10 से भी कम कोर्स में मिल रही है। दूसरी ओर विभिन्न प्रशिक्षण के लिए विभाग भी उपकरण जुटा नहीं पा रहा है क्योंकि इसकी लागत अधिक होती है। इसलिए निवेश नहीं हो पा रहा है और निजी एजेंसियों पर निर्भरता अधिक है। ध्यान रहे कि प्रशिक्षण एजेंसी एक दिन में 2 बैच ही चला सकती है। इसमें एक बैच में 30 स्टूडेंट ही हो सकते हैं। इसमें अधिकतम 4 महीने का कोर्स होता है। विभिन्न कोर्स के आधार पर औसत 40 से 50 रुपए प्रति घंटे की दर से संस्था को भुगतान किया जाता है।

---

# कार की छत पर बैठकर सिगरेट पीते स्टंट करने वाले 3 युवक गिरफ्तार



कार में स्टंट करते युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने कार की छत पर बैठकर सिगरेट पीते हुए स्टंट करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। युवकों पर 5 हजार 300 रुपए जुर्माना किया गया है।

दो दिन पहले शहर के बीच अग्रसेन चौक से सत्यम चौक तक कार नम्बर सीजी 10 बीक्यू 0007 की छत पर एक युवक बैठकर सिगरेट पी रहा था और एक युवक सनरूफ पर खड़े होकर स्टंट कर हंगामा मचा रहा था। लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो को गंभीरता से लेते हुए गाड़ी नम्बर के आधार पर ट्रैफिक एडीशनल एसपी रामगोपाल करियारे ने तिफरा यदुनंदननगर निवासी प्रियांशु सिंह, पृथ्वीराज सिंगरौल, आर्यन कश्यप को पकड़कर कार्रवाई के लिए सिविल लाइन पुलिस को सौंप दिया। सिविल लाइन थाना ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 5300 रुपए जुर्माना वसूली प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।



स्टंट करने वाले आरोपी युवक।

#### पहले भी स्टंट करते पकड़े गए थे

पूर्व में इमलीपारा रोड पर एक युवक नशे में चलती बाइक में एक युवती सामने खोद में बैठाकर स्टंट कर रह रह था। वीडियो वायरल होने से सनसनी फैल गई थी। इसी तरह लिंक रोड में युवक कार की छत पर बैठकर स्टंट कर हंगामा मचा रहे थे। इसी तरह कोटा रोड पर युवक गाड़ी की चारों खिड़की से बाहर निकलकर स्टंट करते हंगामा रहे थे। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने पर ट्रैफिक पुलिस के द्वारा गाड़ी नम्बर के आधार पर स्टंट करने वाले युवकों को पकड़कर मोटर व्हीकल एक्ट के जुर्माना किया था।

#### रिवर व्यू में बना अड्डा

रिवरव्यू युवकों के लिए स्टंट का अड्डा बन गया है। शाम ढलते ही यहां युवक युवतियों का जमावड़ा लगता है। युवा युवतियों को दिखाने जान जोखिम में डालकर तेज रफ्तार बाइक व कार में स्टंट कर हंगामा मचाते नजर आते हैं। पूर्व में पुलिस ने स्टंट करते बाइक सवार को पकड़ाकर कार्रवाई की गई थी। पिछले दिनों कुछ युवकों ने वकील को यहां धमकी दी थी, जिस पर कार्रवाई की गई है।

---

**सदर बाजार हिम्मतलाल ज्वेलर्स का मामला**

# महिलाओं ने सराफा व्यापारी को लगाया 2 लाख का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो महिलाओं ने सराफा व्यापारी को कम शुद्धता का सोना बेचा और अधिक शुद्ध सोना खरीदकर चली गईं। इससे सराफा व्यापारी को 2 लाख रुपए चूना लग गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार महिलाओं की पतासाजी कर रही है।

- **कम शुद्धता का सोना थमाकर अधिक शुद्धता का सोना ले गईं**

कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, सदर बाजार स्थित हिम्मतलाल ज्वेलर्स में सोमवार की दोपहर 1.30 बजे दो महिलाएं खरीददारी करने आईं। दोनों महिलाओं ने दुकान संचालक को सोने का टाप्स व चैन बेचा और उसके बदले में उसी वजन का सोने का ब्रेस्लेट, चेन लेकर चली गईं। कुछ देर बाद दुकान संचालक ने महिलाओं के द्वारा दिए गए जेवर की जांच की तो शुद्धता कम निकली, जिससे व्यापारी के पैरो तले जमीन खिसक गई। उसने दुकान से बाहर निकलकर आसपास दोनों महिलाओं की तलाश की। किन्तु महिलाएं पूरे सराफा मार्केट में नहीं मिलीं। दुकान संचालक के नाती ने कोतवाली थाना जाकर घटना की जानकारी दी। उसके बाद पुलिसकर्मियों ने उनकी दुकान पहुंचकर सीसीटीवी कैमरा खंगाला तो दोनों महिलाएं खरीददारी करते नजर आ रही हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर महिलाओं की तलाश कर रही है। बहरहाल देर रात तक पुलिस महिलाओं को खोज नहीं पाई थी। टीआई श्री पाण्डेय ने बताया, महिलाओं ने व्यापारी को करीब 2 लाख रुपए का चूना लगा दिया है। देर रात तक मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी।



सीसी टीवी कैमरे में कैद आरोपी।

---

**चोरी की रकम से की अय्याशी**

# गर्लफ्रेंड के लिए मोबाइल खरीदने प्रीमियम शॉप में चोरी, 3 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रीमियम शॉप की टीन की छत उखाड़कर गल्ले से नकद रकम चोरी करने वाले 3 युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया है। एक युवक ने गर्लफ्रेंड के लिए मोबाइल खरीदने योजना बनाकर साथियों के साथ चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

22 अप्रैल को सीएमडी चौक के पास स्थित अंग्रेजी प्रीमियम शॉप के टीन का छत व फाल सिलिंग तोड़कर गल्ले से 97 हजार 800 रुपए नकद चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने अर्जुन बंजारे की रिपोर्ट पर चोरों के पतासाजी में जुट गई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुराना बस स्टैण्ड में घेराबंदी कर संजू बेरिया पिता धनेश्वर बेरिया 20 साल बापूनगर, धरपोंगा चतुरबेदानी पिता मुनीम 20 साल लालबहादूर स्कूल के पास, अजित कुमार राजवाड़े उर्फ गोलू पिता गणेश प्रसाद राजवाड़े 27 साल पुराना बस स्टैण्ड निवासी को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर तीनों ने अंग्रेजी प्रीमियम शॉप में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। टीआई कृष्णचंद सिदार ने बताया, आरोपी संजू बेरिया अपनी गर्लफ्रेंड के लिए मोबाइल खरीदने के लिए लिए दोनों साथियों के साथ योजना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोरी करने के बाद तीनों पैसा आपस में बांट लिया था। चोरी के रकम से संजू ने नया मोबाइल लिया था और दोनों युवकों ने अय्यासी में रकम खर्च कर दिया है। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

---

# नामांतरण के नए नियम के लिए बंद रही रजिस्ट्री, 20 करोड़ का कारोबार प्रभावित

**बिलासपुर।** जिले का पंजीयन आफिस सोमवार को पूरी तरह बंद रहा। दरअसल 3 मई से प्रदेश में ऑटोमेटिक नामांतरण सिस्टम लागू होने वाला है। इसके लिए रायपुर में प्रदेश भर के पंजीयक आफिस के अधिकारियों की मीटिंग थी। इस बैठक में बिलासपुर के पंजीयक के साथ ही तीनों उप पंजीयक भी शामिल हुए। बैठक के साथ ही इस बारे में ट्रेनिंग भी दिए जाने की जानकारी मिली है। ध्यान रहे कि सिर्फ बिलासपुर तहसील की बात करें तो एक दिन में 65-70 रजिस्ट्री होती है। पूरे जिले के चारों तहसील में करीब 200 रजिस्ट्री होती है और रोजाना 20 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार होता है जो कि सोमवार को नहीं हो सका।

ज्ञात हो कि राज्य सरकार ने पिछले दिनों राजस्व विभाग के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत नामांतरण की प्रक्रिया का ऑटोमेटिक करने का निर्णय लिया है। नए नियम के मुताबिक किसी भी जमीन या सम्पत्ति की रजिस्ट्री होते ही क्रेता के नाम पर ऑटोमेटिक नामांतरण हो जाएगा। सारी प्रक्रिया पंजीयन आफिस से ही पूरी होगी। इसके लिए रजिस्ट्री विभाग में जिला और उप पंजीयकों के रजिस्ट्री के दौरान नए सिस्टम से काम करने होंगे।



#### एक हजार लोगों को हुई असुविधा

पंजीयन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिन लोगों को रजिस्ट्री के लिए सोमवार का अपॉइंटमेंट मिला था उन सभी लोगों को पंजीयन कार्यालय से मैसेज भेजा गया और सहयोग करने की अपील की गई। विभाग के मुताबिक 28 अप्रैल को होने वाली रजिस्ट्री अब 29 अप्रैल को होगी। इसी प्रकार आगामी दिनों के लिए जिनकों अपॉइंटमेंट मिला है उनकी भी तारीखें तय कर दी गई हैं। रजिस्ट्री कार्य बंद रहने से जिले में करीब एक हजार और प्रदेशभर में 15 हजार से अधिक लोगों को असुविधा हुई। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले ही रजिस्ट्री के साथ-साथ नामांतरण करने का अधिकार रजिस्ट्रारों को दे दिया गया है।

---

# कांग्रेस की स्वस्थ न्याय यात्रा और संविधान बचाओ सभा 2 मई को




**बिलासपुर।** कांग्रेस नेता आगामी 2 मई को स्वस्थ न्याय यात्रा निकालेंगे, साथ ही संविधान बचाओ सभा का आयोजन भी करेंगे। सोमवार को इसकी तैयारी को लेकर चर्चा की गई। कांग्रेस द्वारा इस संबंध में आयोजित बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि 2 मई को पूर्व में अपोलो हॉस्पिटल से नेहरू चौक तक "स्वस्थ न्याय यात्रा " और नेहरू चौक में आमसभा का कार्यक्रम था, किन्तु कार्यक्रम का विस्तार करते हुए नेहरू चौक में अब संविधान बचाओ सभा होगी ,जो प्रदेश स्तरीय होगी। इसमें प्रदेश के सभी जिलों के कांग्रेस नेता सहित प्रदेश के सभी बड़े नेता शामिल होंगे। श्री केशरवानी ने कहा कि आज तखतपुर, बिल्हा, बेलतरा, मस्तूरी,कोटा, रतनपुर,तिफरा,सिरगिट्टी, सीपत,सकरी,बेलगहना के ब्लॉक अध्यक्षों, ब्लॉक समन्वयक, जलिा के पदाधिकारियों के बीच काम का बंटवारा किया गया, सभी पदाधिकारी अपने अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में शीघ्र बैठक लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ सभा की शुरुआत दुर्ग से होनी थी, किंतु कश्मीर में आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मृत्यु हो जाने के कारण प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संविधान बचाओ यात्रा को स्थगित कर दी।

---


**मंगला, लोखंडी, तुर्काडीह, निरतू, कछार, सेंदरी के साथ ही कई घाटों से खनन जारी**

# अवैध रेत भंडारण, परिवहन के 7723 केस, 7555 मामलों में हुआ समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खनिज माफियाओं पर जिला प्रशासन, पुलिस और खनिज विभाग नकेल कसने में नाकाम साबित हो रहा है। यही कारण है कि जिले के साथ ही प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में माफिया राज हावी है।

पिछले साल भर में अलग-अलग इलाकों से प्रदेश में अवैध खनिज भंडारण, अवैध उत्खनन और अवैध परिवहन के 7 हजार 723 मामले दर्ज हुए हैं। इनमें से 7 हजार 555 मामला समझौता करके छोड़ दिया गया। हालांकि समझौते के एवज में माफियाओं से 23 करोड़ 76 लाख 81,139 रुपए की राशि वसूल की गई, लेकिन इनके ऊपर किसी भी प्रकार की कड़ी कार्रवाई नहीं की गई। मंगला, लोखंडी, तुर्काडीह, निरतु, कछार, सेंदरी के साथ ही कई घाटों से खनन जारी है। नदी के किनारे बसे कई गांवों में अवैध भंडारण कर मनमानी कीमत पर रेत की बिक्री भी हो रही है। 1700-1800 रुपए ट्रैक्टर में रेत बिक रही है, लेकिन खनिज अधिकारियों को जैसे इन सबसे मतलब ही नहीं है। खनिज माफिया धड़ल्ले से अवैध उत्खनन में सक्रिय हैं। उन्हें किसी प्रकार का कोई भय नहीं है। अकेले बिलासपुर जिले की बात करें तो 90 प्रतिशत मामलों में यहां भी सिर्फ समझौता ही किया जा रहा है। अफसर एक-दो हाईवा जब्त करने का दिखावा करते हैं। खनिज विभाग के अफसर तर्क देते हैं कि समझौता राशि लेकर अवैध खनन तथा वाहनों को छोड़ने का प्रावधान है।



**सालभर में माइनिंग एक्ट के तहत कार्रवाई कम**

#### हाईकोर्ट ने भी की है सख्त टिप्पणी

ज्ञात हो कि अवैध रेत खुदाई को लेकर हाईकोर्ट ने भी सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि इतने प्रकरण आ रहे हैं तो सिर्फ जुर्माना लगाकर क्यों छोड़ा जा रहा है। जुर्माना लगाने भर से समस्या दूर नहीं होगी। ऐसा करने वाले बड़े लोग हैं, जुर्माना भर देते हैं, उससे 100 गुना कमाते हैं। कोर्ट ने यह भी कहा है कि माइनिंग एक्ट के अनुसार पैनल एक्शन क्यों नहीं लिया जा रहा है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि कितनी बार जुर्माना लगाकर छोड़ सकते हैं। बार-बार अपराध करने पर गंभीर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है?

#### बंद रेत घाटों से भी अवैध उत्खनन

रेत उत्खनन से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव भी नदियों के आसपास देखें जा सकते हैं। घुटकू रेत घाट को बंद कराने में प्रशासन और खनिज विभाग के अधिकारी बेबस नजर आ रहे हैं। खनिज विभाग के अधिकारियों की मनमानी और सरकारी मशीनरी की मिलीभगत से खनिज संपदा का दोहन लगातार किया जा रहा है। नतीजा जिन घाटों पर अवैध उत्खनन बंद था, वहां माफिया फिर से सक्रिय हो गए हैं। जो घाट स्वीकृत नहीं है, वहां अवैध उत्खनन कर रेत का परिवहन कर नदी में रैंप बनाया गया है।

---

# निगरानीशुदा गुंडे- बदमाश व संदिग्धों पर त्वरित कार्रवाई होगीः आईजी

**बिलासपुर।** आईजी डा. संजीव शुक्ला ने 28 अप्रैल को बिलासपुर रेंज अंतर्गत जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक- पुलिस अधीक्षकों की अपराध समीक्षा बैठक ली। जिसमें जिले में लंबित अपराध, महिलाओं और बच्चों से संबधित अपराध, संपत्ति संबंधी अपराध, मर्ग, शिकायत, विभागीय जांच एवं लघु अधिनियम व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई अंतर्गत की गई।

कार्रवाई तथा कानून-व्यवस्था और सड़क दुर्घटनाओं सहित जिले के कई महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की। आईजी श्री शुक्ला ने गंभीर किस्म के प्रकरणों में सतत विवेचना करते हुए यथाशीघ्र विधिसम्मत निराकरण करने कहा। प्रकरण लंबी अवधि तक विवेचना में लंबित न रहे। थानों में तैयार चालान अनावश्यक लंबित न रहे इसके लिए पुलिस अधीक्षकों को लंबित चालान की समीक्षा करने के निर्देश दिए। महिलाओं और बच्चों से संबंधित मामलों में तत्काल संज्ञान लेकर त्वरित विधिसम्मत कार्रवाई करने कहा। मादक पदार्थों और सूखे नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के साथ-साथ उनकी बरामदगी के स्तर पर भी सुधार करने निर्देशित किया। अस्त्र-शस्त्रों की नियमित चेकिंग कर अवैध फायर आर्म्स पर प्रभावी अंकुश लगाने और संपत्ति संबंधी अपराध में बरामदगी का प्रतिशत बढ़ाने निर्देशित किया गया। जिले में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण, स्वत्वों के भुगतान करने विशेष पहल करने निर्देश दिए गए। अभियान चलाकर जिले में लंबित विभागीय जांच और शिकायतों का त्वरित निराकरण कराने निर्देशित किया गया।

28 korba-pg3_Layout 1 4/29/2025 12:02 AM Page 1



## खबर संक्षेप



### जिला भाजपा के द्वारा आयोजित की गई डॉ. अंबेडकर सम्मान सभा

**कोरबा।** गीतांजली भवन पुराना बस स्टैंड में जिला भाजपा द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर सम्मान सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाठापारा, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जोगेश लाम्बा,मनोज शर्मा, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, अध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा पवन सिंह, गोपल साहू, पवन गर्ग, सरजू अजय, अशोक चावलानी, हितानंद अग्रवाल, श्रीमती सुनीता पाटले, आरडी भारद्वाज, रामचंद्र पाटले, जेपी कोसले, मनीराम जांगड़े, श्यामलाल मरावी मंचस्थ थे। इस अवसर पर राजेश लहरे, सुकृता कुर्रे, डॉ जे.के लहरे, गुहाराम टंडन, संजय सारथी, मनीष मिश्रा, अभिषेक गर्ग, प्रतिमा सोनवानी, प्रीति स्वर्णकार, प्रमिला सागर, कमलेश प्रधान, कमल सिंह, दिलीप दास, शशि साहू, हेमा शर्मा, लक्ष्य चतुर्वेदी, सिकंदर उषरवर्षा, महेश कुर्रे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बबलू डहरिया द्वारा किया गया।

### समाज के विकास में योगदान के लिए मनीराम जांगड़े का सम्मान



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा गीतांजलि भवन में आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह में प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, कटघोरा के विधायक प्रेमचन्द पटेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर जांगड़े कोमिला के द्वारा सतनामी समाज के सर्वांगीण विकास के प्रति सदैव समर्पित नेता अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े को शाल श्रीफल व पुष्प माला पहनकर समाज के हर एक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने पर उक्त सम्मान किया गया है।

### प्राथमिक शाला सिलियारी के प्रधानपाठक को दी गई विदाई



**कोरबा।** संकुल नुनेरा अंतर्गत प्राथमिक शाला सिलियारी में एसएल साहू प्रधान पाठक व जन शिक्षा केंद्र प्रभारी सेवानिवृत्त हुए। उन्हें सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीराम मरकाम व संकुल समन्वयक अशोक भारद्वाज के तत्वाधान में आयोजित समारोह में विदाई दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 8 से माया रूपेश कंवर उपस्थित रहीं। अध्यक्षता ग्राम पंचायत रंगोले सरपंच शिव कुमार मरावी ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व उपसरपंच समार सिंह मरावी रहे। अतिथियों द्वारा श्रीफल व शाल भेंट कर साहू को भावभीनी विदाई दी गई। संकुल केंद्र नुनेरा के सभी प्रधान पाठक व शिक्षकों के द्वारा संयुक्त रूप से पेंट शर्ट, शाल श्रीफल, डायरी पेन व मध्यान भोजन समूह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित बच्चों व जन समुदाय के द्वारा गिफ्ट उपहार दिया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठिका लीला सिदार व सहायक शिक्षक श्वेता जायसवाल, प्रधान पाठक एसके गुप्ता, दीपक कंवर प्रधान पाठक नोनबिर्रा, एस के जायसवाल, शुबन सिंह पैकरा, शिव प्रकाश जायसवाल, नवल सिंह जगत, कार्तिक राम टेकाम, बंजारे मेम, अंजना एक्का, गौराहा सर, परदेसी राम पटेल, संत लाल यादव, विजय देवांगन, ज्योति मरावी, विजय कुमार तंवर तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## निधन

### दयाराम गुप्ता



**कोरबा।** पोड़ीबहार क्षेत्र के निवासी और गुप्ता समाज के प्रतिष्ठित नागरिक दयाराम गुप्ता (78 वर्ष) का रविवार को निधन हो गया। लंबे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। वे अपने पीछे पुत्र, पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार पोड़ीबहार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## उरगा थाना क्षेत्र केग्राम उमरेली सिवनी मोड़ की घटना

# बारातियों से भरी कार ट्रैक्टर से टकराई, हादसे में 7 घायल



क्षतिग्रस्त कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरेली सिवनी मुख्य रोड पर बारातियों से भरी कार ट्रेक्टर से टकरा गई। जहां ट्रैक्टर से टोचन कर जा रही मिक्सर मशीन से बरातियों से भरी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर जा टकराई। हादसे में कार में सवार 7 लोग घायल हो गए। वहीं इसकी सूचना तत्काल 112 और 108 वाहन को दी गई। जहां घायलों को चांपा स्थित अस्पताल के लिए रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि कार चांपा से कोरबा की तरफ आ रही थीं। वहीं टोचन करके ट्रैक्टर मिक्सर मशीन लेकर सिवनी की तरफ जा रही थी। वहीं सामने से आ रही कार अनियंत्रित होकर सीधे मिक्सर मशीन में जा टकराई। हादसे में घायलों का उपचार जारी है।

### ताबिज बनाने के नाम पर तांत्रिक ने की 2 लाख की ठगी, मामला दर्ज

**कोरबा।** तंत्र-मंत्र का काम करने वाले एक बैगा ने ग्रामीण को अपने झांसे में लेकर उसे ताबीज बनाने के नाम पर विभिन्न किस्तों में लगभग दो लाख रुपए की ठगी की घटना को अंजाम दिया है। जब ग्रामीण को इस बात का पता चला तो उसने इसकी शिकायत पुलिस से की है। जिस पर पुलिस ने ठगी करने वाले तांत्रिक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रजगामार चौकी क्षेत्र निवासी प्रबंधक एच.आर. एसईसीएल रजगामार दिनेश सिंह डेरोलिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी मुलाकात तालीब हुसैन नामक व्यक्ति से रतनपुर जिला बिलासपुर में 12 जनवरी को हुई एवं उसके द्वारा दिनेश सिंह एवं उसकी पत्नी के ऊपर किसी दुष्ट साये का होना बताकर ताबीज एवं नग देकर अपने झांसे में लेकर तथा इस बाधा को दूर करने के लिए 41 दिन का अमल करने की बात को कहकर 24 फरवरी से 8 मार्च के बीच कुल 1 लाख 89 हजार रुपए की ठगी की गई है। दिनेश सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने तालीब हुसैन के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# एसईसीएल मुख्यालय में विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस का आयोजन




कार्यक्रम में शामिल एसईसीएल के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मुख्यालय प्रांगण में विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक (तकनीकी संचालन सह योजना परियोजना) जे. फ्रेंकलिन कुमार द्वारा निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन की उपस्थिति में सुरक्षा ध्वज फहराकर की गई। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी संचालन सह योजना परियोजना) जे. फ्रेंकलिन कुमार द्वारा निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यालय परिसर स्थित श्रमिक प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जे. फ्रेंकलिन कुमार ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष का संदेश भी पढ़ा गया, जिसमें सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया था। इस वर्ष विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस की थीम स्वास्थ्य और सुरक्षा में क्रांतिः कार्यस्थल पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डिजिटलीकरण की भूमिका पर केंद्रित है, जिसमें आधुनिक तकनीकों के माध्यम से कार्यस्थल को अधिक सुरक्षित और स्वस्थ बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस दौरान एसईसीएल द्वारा सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रमुख कार्य किए जा रहे जिनमें वास्तविक समय में खदान क्षेत्रों में घटनाओं और उपकरणों की निगरानी हेतु डिजिटल मंच का उपयोग, वाहनों, व्यक्तियों, आग-धुएं और भीड़ की पहचान हेतु एआई आधारित सिस्टम, स्लोप स्टेबिलिटी राडार से स्लोप और पिट स्लोप की निगरानी, संभावित दुर्घटनाओं को समय रहते रोकने के उपाय, बड़े खदान प्रोजेक्ट्स (गेवरा, दीपका, कुसमुंडा) में ड्रोन से निरीक्षण, कुसमुंडा क्षेत्र में डिजिटल डिस्पेंसरी की स्थापना, एसईसीएल के कोयला क्षेत्रों में 24×7 निगरानी हेतु आईसीसीसी की स्थापना, 800 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के नेटवर्क से निगरानी, स्मार्ट अलर्ट और त्वरित प्रतिक्रिया की सुविधा शामिल हैं।

# अग्रसेन पब्लिक स्कूल में समर कैम्प का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रशिक्षण लेते छात्र।

श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल के द्वारा इस वर्ष समर कैम्प 28 अप्रैल से 7 मई तक का अयोजन स्कूल परिषद में किया गया जिसमें बच्चों को अन्य विषयों की जानकारी के साथ साथ विभिन्न कलाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर श्री अग्रसेन शिक्षण समिति विद्यालय के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने कहा कि दस दिवसीय समर कैम्प में छोटे से बडे बच्चों का विकास हो समर कैम्प में हम पिकनिक का भी अयोजन कर रहे हैं जिससे उन्हें अन्य जानकारी भी मिल सके व मनोरंजन भी हो सके। अग्रवाल सभा के सचिव गोपाल अग्रवाल ने कहा कि बच्चे पढाई के समय अन्य विषयों पर ध्यान नहीं देते है लेकिन समर कैम्प के अयोजन से उन्हे अन्य विषय कि जानकारी हो जाती है उन्हें कई विषय सिखने का सुनहर अवसर भी मिलता है। पार्षद टामेश अग्रवाल ने कहा कि समर कैम्प बच्चों के विकास के लिए बहुत ही जरूरी है उन्हें इस कैम्प से एक नई उर्जा मिलती है इसके साथ ही उन्हें यूनिट में कैसे कार्य करें इसकी की प्रेरणा मिलती है। श्री अग्रसेन शिक्षण समिति के सचिव त्रिलोकीनाथ बजाज ने कहा कि इस वर्ष भी विद्यालय में समर कैम्प का अयोजन किया गया है जिसमें बच्चों को जुम्मा, योगा, शंतरज, म्यूजिक स्टूमेन्ट, पेन्टिग, चित्रकला, स्पोकन इंग्लिस, डांस, भ्रमण के साथ अयोजित किया गया। प्राचार्य श्रीमती शोमा सोनी ने कहा कि बच्चों के विकास के लिए यह कार्यक्रम का अयोजन किया गया जिसमें बच्चें अपनी रूचि के अनुरूप पढाई के अलावा अन्य विषयों में अपनी ज्ञान को बढा सकते हैं।

# बालको के पशु कल्याण कार्यक्रम से 5 हजार मवेशियों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आवारा पशु को खाना खिलाते।

वेदांता कंपनी बालको करुणा, देखभाल और सह-अस्तित्व की संस्कृति को बढ़ावा देकर पशु कल्याण हेतु अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रही है। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की पहल द एनिमल केयर ऑर्गनाइजेशन (टाको) ने अपनी सेवा के तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं।

मानव, पशु और पर्यावरण कल्याण के परस्पर संबंध पर जोर देने वाले वन हैल्थ विजन में निहित, टाको एक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है, जो आश्रय, अस्पताल, अकादमी, वन्यजीव संरक्षण, आपदा राहत और क्षेत्र विकास के अपने छह स्तंभों के माध्यम से देखभाल को बढ़ावा देता है। इस मिशन में एक ऑन-ग्राउंड पार्टनर के रूप में बालको ने इस विजन को कोरबा, छत्तीसगढ़ में यथार्थ प्रभाव में बदलने में मदद की है। पिछले तीन वर्षों में, पशु कल्याण में बालको की ढांचागत कोशिशों ने 5 हजार से अधिक पशुओं पर सकारात्मक असर डाला है, जो इस उद्देश्य के लिए बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पशु कल्याण के लिए उठाए गए कदम जैसे कि जिला पशु चिकित्सा विभाग के साथ साझेदारी में 3 हजार से अधिक रिफ्लेक्टिव कॉलर का वितरण सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करता है। इन्हें चार पशु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविरों द्वारा मुमकिन बनाया गया, जिससे 25 सौ से अधिक मवेशियों को लाभ हुआ, जिसमें कृमिनाशक, घाव की देखभाल और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिससे स्थानीय किसानों को प्रत्यक्ष मदद मिली जो अपनी आजीविका के लिए पशुधन पर निर्भर हैं। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम मानते हैं कि जागरूकता और सहानुभूति से सार्थक बदलाव आ सकता है। मवेशियों पर रिफ्लेक्टिव कॉलर लगाने से लेकर गर्मियों के दौरान पानी के कटोरे रखने को प्रोत्साहित करने तक, ये छोटे-छोटे प्रयास प्रतिदिन कई जानवरों की जान बचा रहे हैं और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। टाको के साथ हमारे सहयोग ने कर्मचारियों और समुदायों को देखभाल, करुणा और सह-अस्तित्व की संस्कृति के निर्माण में भाग लेने हेतु सशक्त किया है। कर्मचारी स्वयंसेवक रामसहाय पटेल ने बताया कि आवारा कुत्तों के लिए पानी का कटोरा रखना या बछड़े को सुरक्षित सड़क पार कराने में मदद करना जैसे छोटे-मोटे काम भी बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

इस पहल का हिस्सा बनने से मैं और अधिक जागरूक हो गया हूं। ऐसे कई तरीके हैं जिनके ज़रिए बालको अपने सभी कर्मचारियों और बिज़नेस पार्टनरों के भीतर देखभाल की संस्कृति विकसित करने की कोशिश करती है।

# नुनेरा में 80 लीटर महुआ शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



जब्त महुआ व शराब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अवैध शराब बनाने बेचने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इस कड़ी में पाली पुलिस ने सोमवार की देर शाम ग्राम नुनेरा में छापेमारी की कार्रवाई की। जहां एक ग्रामीण द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध शराब का खेल खेला जा रहा था। ग्रामीण के कब्जे से पुलिस ने लगभग 80 लीटर महुआ शराब व बड़े पैमाने पर महुआ पास जप्त किया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। पाली थाना प्रभारी युवराज तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम नुनेरा में निवासरत सालिकराम नामक ग्रामीण द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध शराब का गोरखधंधा संचालित किया जा रहा है और गांव में शराब बनाकर बेचने का धंधा कर रहा है। सूचना पर पाली थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने ग्रामीण के घर में दबिश दी। जहां ग्रामीण के घर से 80 लीटर महुआ शराब व लगभग 1 हजार किलो से अधिक महुआ पास जप्त किया गया है।

# क्षतिग्रस्त नहर के टूटने से घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में बड़ी जनहानि की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिंचाई विभाग के शहर से गुजरने वाली नहर का मरम्मत कार्य नहीं होने और कई स्थानों में कांक्रीट वाल का निर्माण के आभाव से कई बार नहर के पानी के आबादी क्षेत्र में प्रवेश करने का भय बना रहता है, जबकि विभाग के द्वारा नहर लाइनिंग के कार्य में एक बड़े बजट की राशि खर्च की जाती है। उसके बावजूद जगह जगह से लीकेज की समस्या बनी हुई है।

**खास बात**

- विभाग के द्वारा मरम्मत कार्य में बरती जाती है लापरवाही



नहर का क्षतिग्रस्त हिस्सा।

शासन के द्वारा किसानों की सुविधा हेतु जिले में बनाए गए नहरो की समय-समय पर मरम्मत न हो पाने के कारण नहरों की स्थिति बद से बदतर हो चली हैं। कोरबा शहर के राताखार क्षेत्र से होकर गुजरने वाली सीतामढ़ी नहर बेहद जर्जर हो चुकी है। नहर में जगह-जगह लीकेज और सीपेज हो रहा है, जिससे किनारा कभी भी टूट सकता है। घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में बड़ी जनहानि की आशंका है। पूर्व में भी ईमलीडुग्गू में इसी तरह का हादसा हो चुका है। नहर के किनारे कांक्रीटिंग वॉल और सुरक्षा जाली नहीं होने के कारण बाइक सवारों व राहगीरों की दुर्घटना से कई मौतें हो चुकी हैं। शवों को खोजने में परिजनों और पुलिस को कई दिनों तक मशक्कत करनी पड़ती है। सीतामढ़ी की पार्षद राधा दास ने जनदर्शन में कलेक्टर से निवेदन कर सिंचाई विभाग से नहर की तत्काल मरम्मत व सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है। विभाग के अधिकारियों के द्वारा क्षेत्रवासियों की मांग पर घटना स्थल जैसे क्षेत्रों का निरीक्षण भी किया गया है। कई बार जाली लगाए जाने के संबंध में विभाग के द्वारा केवल आश्वासन दिया गया है। यही कारण है कि जब कभी नहर में डूबने जैसी घटनाएं होती है तो उनके शव जिला मुख्यालय से दूर अन्य जिलों के सीमा में आ जाते हैं।

### सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई

**कोरबा।** प्रधान पाठक श्रीराम सिंह पैकरा का शिक्षा विभाग में 62 वर्ष की सेवा पूरी होने पर संकुल स्तर पर विदाई का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संकुल नोडल प्राचार्य हेम कुमार कुर्रे एवं विशिष्ट अतिथि के रुप सेवा निवृत्त प्रधान पाठक अंजोर साय मन्नेवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपेन्द्र कुमार राठौर एवं शांतिलाल कश्यप ने किया। संकुल समन्वयक बसंत कुमार मिरी एवं संकुल खरवानी के शिक्षक शिक्षिकाओं ने मिलकर श्रीराम सिंह पैकरा आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामशरण राठौर पिता नत्थु लाल राठौर निवासी मुढ़ाली तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अपने पिता नत्थु लाल राठौर पिता शिव प्रसाद राठौर की मृत्यु दिनांक 01.02.1998 स्थान मुढ़ाली तहसील दीपका में घर में मृत्यु होने के कारण पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अंतर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुपलब्धता एवं अन्य दस्तावेज सहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 12/05/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक 24.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी दीपका**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रंजीत राठौर पिता राजेन्द्र कुमार राठौर निवासी मुढ़ाली तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अपने माता ममता राठौर पति राजेन्द्र कुमार राठौर की मृत्यु दिनांक 20.09.2003 स्थान मुढ़ाली तहसील दीपका में घर में मृत्यु होने के कारण पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अंतर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुपलब्धता एवं अन्य दस्तावेज सहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 12/05/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 24.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी दीपका**

## कोरबा मार्केट









## खबर संक्षेप



### सांत्वना फाउण्डेशन सोसायटी ने प्याऊ घर का किया शुभारंभ

**कोरबा।** भीषण गर्मी को देखते हुए सांत्वना फाउण्डेशन सोसायटी द्वारा आम जनों के लिए प्याऊ का शुभारंभ किया। मानव सेवा के लिए दृढ़ संकल्पित सांत्वना फाउण्डेशन सोसायटी के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए जिलेवासियों एवं प्रशासन से प्रोत्साहन से प्रेरित होकर रेल्वे स्टेशन परिसर के अलावा सीएसईबी चौक एवं जिला चिकित्सालय परिसर में प्याऊ का शुभांरभ सांत्वना फाउण्डेशन सोसायटी के अध्यक्ष सुनील वर्गीस, कार्यकारिणी सदस्य एवं आम जनों के उपस्थिति में किया गया है।

### अंडर 16 जिला क्रिकेट टीम प्ले ग्रुप में बना चैंपियन, एलीट ग्रुप में बनाई जगह



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ सीएससीएस द्वारा 8 से 27 अप्रैल तक आयोजित इंटर डिस्ट्रीक्ट अंडर 16 पुरुष वर्ग का दो दिवसीय टेस्ट मैचों की प्रतियोगिता में जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्ले ग्रुप में चैंपियन बनकर एलीट ग्रुप में जगह बनाई। कोरबा ने पहला मैच बिलासपुर ब्लू के खिलाफ सेरसा ग्राउंड में पारी से जीता। दूसरा मैच सरगुजा के खिलाफ भी सेरसा में पारी से जीता और 14 अंकों के साथ सेमीफाइनल में पहुंचा। सेमीफाइनल में कांकेर ग्राउंड पर बस्तर के खिलाफ कोरबा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 90 ओवर में 318 रन बनाए, जिसमें रितेश सारथी ने 180 रन की शानदार पारी खेली। बस्तर की टीम 57 ओवर में 140 रन पर सिमट गई और कोरबा ने यह मैच पारी से जीत लिया। इसके साथ ही कोरबा ने प्लेट ग्रुप में पहला स्थान हासिल कर एलीट ग्रुप में प्रवेश किया। एलीट ग्रुप के मैच 1 मई से भिलाई में होंगे। गेंदबाज भावेश दुबे ने 17 विकेट लिए, जबकि रितेश सारथी ने सबसे ज्यादा रन बनाए। टीम के मैनेजर विशाल दुबे और कोच अनिल प्रजापति ने बताया कि इस साल अंडर-14 टीम जनवरी में फाइनल खेली थी और अब अंडर-16 ने भी फाइनल जीता, जो जूनियर क्रिकेट के लिए बड़ी उपलब्धि है।

### भाजपा नेता ने अधिक किराया लेने वाले बसों पर की कार्रवाई की मांग

**कोरबा।** भाजपा नेता अनिल चौरसिया ने जिला परिवहन अधिकारी को शिकायत करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा की सरकार है जो एक आम गरीब व्यक्तियों के लिए योजना बना रही है कि उनको आत्मनिर्भर बनाया जा सके लेकिन छत्तीसगढ़ से अन्य राज्यो मे जाने वाले बसो मे अत्यधिक किराया लिया जा रहा है। जिससे गरीब व मध्य वर्गीय लोगों को जेब कट रहा है। बस मालिक राजनीतिक पार्टी से जुड़े होने का लाभ पा रहे हैं और मनमौजा किराया वसूल रहे हैं। एक स्लीपर सीट में दो लोग को बैठने का नियम है लेकिन दो लोग के स्थान पर चार लोगों का पैसा वसूला जा रहा है। उत्तर भारत और पूर्वांचल की दिशा में जाने वाले सभी बसों में मन मौजे किराया लेने से इस क्षेत्र में आवागमन करने वाले लोग को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में श्री चौरसिया ने जिला परिवहन अधिकारी से कार्यवाही करने की मांग की है।

### रजगामार में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन दिवस



**रजगामार।** रजगामार 4 व 5 नंबर खदान में खान प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में समस्त कर्मचारी सुपरवाइजर एवं अधिकारीगण की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन दिवस मनाया गया। खान प्रबंधक जागेश्वर महिलांगे द्वारा ध्वजारोहण किया गया और खदान में सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में 15 उत्कृष्ट कर्मचारीयों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजीव यादव सुरक्षा अधिकारी, एस एस कुमार मैनेजर खनन, रामनाथ कश्यप सीनियर ओवरमैन अरुण कुमार मिश्रा सीनियर ओवरमैन, लीला सहित अन्य उपस्थित हुए।

## तेज आंधी के साथ कई स्थानों में गिरे ओले, जिले के कई स्थानों में घंटो रही बिजली गुल

# बैसाख में बारिश : शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में जमकर बरसे बादल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले दो दिन से मौसम विभाग के चेतावनी के अनुसार मौसम में बदलाव नजर आ रहा था। सोमवार को मौसम विभाग की चेतवानी का असर दोपहर बाद नजर आया जब तेज आंधी और गर्जना के साथ ऐसी बारिश हुई जैसे सावन के महीने में होती है। लगभग डेढ़ घंटे हुई बारिश के दौरान जिले के कई स्थानों में ओले गिरने की भी घटनाएं हुई। शहर के कई हिस्से में बारिश के पानी से नालियों का कचरा मुख्यमार्ग में आ गया। वहीं दिन का तापमान शाम तक लगभग 20 डिग्री सेल्सियस तापमान कम हो गया।

तेज बारिश का दौर दोपहर डेढ़ बजे से शुरु हुई उस दौरान हल्की बारिश होने से जन जीवन पर कोई असर आता नहीं दिखा लेकिन धीरे धीरे बारिश का असर दिखा। कई स्थानों में तेज बारिश के साथ शहर के साथ ग्रामीण अंचलों में भी ओले गिरे। वहीं तापमान भी बारिश के साथ ही तेजी से गिरने लगा। दोपहर 1 बजे तक तेज धूप की तपिश से हलाकान लोगों को लगभग दो घंटे की बारिश ने राहत दिला दी। बारिश की वजह से शहर की चहल पहल थम सी गई थी। इसके साथ ही अधिकांश हिस्सों में बिजली घंटों गुल रही। बीते रविवार शाम को तेज हवाओं से शहर राखड़ से पट गया था। मौसम विभा ने रविवार सुबह से ही मौसम के बदलाव को लेकर अलर्ट जारी किया था। विभाग ने कई हिस्सों में बारिश की संभावनाएं जताई थी सोमवार सुबह आसमान में बादल छाने के बाद हवाएं चलने से मौसम के बदलने की संभावना दिख रही थी। दोपहर 12 बजे तक तेज धूप की तपिश से दिन का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जैसे ही मौसम ने करवट बदली तापमान में भी गिरावट आने लगी। शाम 6 बजे तक दिन का तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के पसान क्षेत्र एवं कोरबी चोटिया क्षेत्र में बारिश के साथ जमकर ओले गिरे हैं। पसान क्षेत्र पेंड्रा जिले से लगा हुआ है। जहां जमाकर ओले गिरे हैं उसका प्रभाव पसान क्षेत्र में देखा गया है।



बारिश से बचने छाता लेकर कलेक्टोरेट पहुंचते कर्मचारी।



बारिश से कलेक्टोरेट परिसर अस्त व्यस्त।

### ऐसा बदला दिन का तापमान

दिन के तापमान में भी गिरावट दोपहर बाद देखा गया। आंकडों के अनुसार
दोपहर 12 बजे 36 डिग्री सेल्सियस
दोपहर 2 बजे 33 डिग्री सेल्सियस
शाम 4 बजे 31 डिग्री सेल्सियस
शाम 6 बजे 19 डिग्री सेल्सियस

### आम की फसल को लगातार हो रहा नुकसान

बेमौसम बारिश और तेज आंधी से गर्मी में होने वाली धान की फसल को भले ही पानी की सुविधा मिल गई है किंतु आम की फसल इस बार नुकसान झेल रही है। बड़े बाग बगीचों के साथ उद्यानिकी विभाग के नर्सरियों में भी आम की फसल बीते वर्ष की तुलना में कम होने की संभावना जताई गई है। विभाग के द्वारा अपने 8 नर्सरी की नीलामी अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में की गई थी। नीलामी के एक पखवाड़े बाद से ही मौसम में बदलाव का असर देखे जाने लगा। बीते 25 दिन में ही कई बार तेज हवाओं के साथ बारिश हो चुकी है। विभाग की मानें तो इस बार आम की फसल को मौसम की वजह से नुकसान झेलना पड़ा है।

### सड़क पर आ गई नालियों की गंदगी

तेज बारिश से शहर के नालियों की गंदगी मुख्यमार्गों में पसर गई। स्लम बस्तियों के अलावा अन्य रिहायशी इलाकों में नालियों की गंदगी तेज बारिश के पानी के साथ सड़कों में बहते नजर आ रही थी। ऐसा लग रहा था जैसे बारिश के दिनों में जल भराव के साथ कचरों के ढेर भी पानी में बहने लगते हैं। बैसाख के महीने में ही 44 डिग्री तापमान की गर्मी भी लोगों ने महसूस की तो वहीं अप्रैल महीने में ही सावन जैसे बारिश का भी लोगों ने नजारा भी देखा।



# ग्रामीण क्षेत्रों में टॉवर लगाने बैठक में दिया गया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीएसएनएल दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक बिलासपुर में आयोजित हुई। बैठक में सांसद ज्योत्स्ना चरणदास महंत की ओर से दिनेश सोनी सम्मिलित हुए।

श्री सोनी ने सांसद द्वारा दिए गए प्रस्ताव को बैठक में रखा और शीघ्र उस पर क्रियान्वयन किए जाने बात रखी। इसके अतिरिक्त बीएसएनएल उपभोक्ताओं की सुविधा को अधिक से अधिक बढ़ाए जाने पर विशेष जोर दिया। श्री सोनी ने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र के शहर इलाकों में जहां बीएसएनल का नेटवर्क कई बार कमजोर हो जाता है तो दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी सुविधा अपेक्षाकृत उपलब्ध नहीं होने के कारण संचार सुविधा का लाभ ग्रामवासियों को नहीं मिल पाता है। बीएसएनल को अपने नेटवर्क के साथ-साथ टैरिफ के मामले में भी राहत देने की जरूरत है। श्री सोनी ने सुझाव दिया कि बीएसएनएल अपनी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करे ताकि जनता के बीच विश्वास को और मजबूत किया जा सके व बीएसएनएल कंपनी को लाभ हो। सांसद ने महाप्रबंधक बीएसएनएल से विभिन्न बिंदुओं को इस बैठक में शामिल करने पत्र लिखा, जिसे दिनेश सोनी ने प्रस्तुत किया। सांसद के द्वारा पत्र के जरिये बात रखी कि पाली-तानाखार विधानसभा के हाथी प्रभावित गांव एवं रामपुर विधानसभा क्षेत्र के हाथी प्रभावित गांव चोटिया, सिरमिना, दमऊकुंडा, सलिहाभाठा, एतमानगर, सरभोका, बंजारी, आमाटिकरा, अमझर, परला, पसान, मोरगा, केंदई, गुरसियां आदि गांव एवं रामपुर विधानसभा के पसरखेत, जिल्गा, कुदमुरा, बरपाली, लेमरू आदि में बीएसएनएल का टावर लगवाया जाए।



दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक में शामिल सदस्य।

# एसईसीएल का फर्जी पास बनाकर कैंपर लेकर घुसे थे डीजल चोरी करने, पुलिस ने फोड़ा भांडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीजल चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य इतने शातिर हैं कि वे अब एसईसीएल का पास भी फर्जी बनाने लगे हैं। कैंपर वाहन में डीजल चोरों ने फर्जी पास लगाकर खदान के भीतर प्रवेश कर दिया था और भारी भरकम मशीनों से डीजल लोड कर उसे खपाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन पुलिस की मुखबीर तंत्र आखिर काम आई और पुलिस ने इस गिरोह से जुड़े दो लोगों को धरदबोचा है और डीजल चोरी में इस्तेमाल की जाने वाली कैंपर वाहन व एक बुलेट वाहन को भी जप्त करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। इस गिरोह में शामिल आरोपियों की जल्द ही घरपकड़ हो सकती है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस की टीम लगातार अवैध कारोबारियों के खिलाफ सघन अभियान चला रही है। इस कड़ी में दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू को मुखबिर से सूचना मिली कि दीपका देवरा खदान में फर्जी पास के माध्यम से कुछ लोग डीजल चोरी करने के लिए कैंपर वाहन में घुस रहे हैं फिर क्या था दीपका थाना प्रभारी मुखबीर के बताए सूचना के आधार पर इस गिरोह को पकड़ने के लिए जाल बिछाया और पुलिस की टीम ने गेवरा बस्ती निवासी उमाकांत सारथी उर्फ काले उम्र 34 वर्ष, पिता कुंजराम सारथी एवं घुईचुवा निवासी अनुराग रजक, उम्र 19 वर्ष पिता गोरेलाल रजक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 जरीकेन में 210 लीटर डीजल, एक बोलेरो कैंपर क्रमांक सीजी 16 सीपी 8988 और एक बुलेट मोटरसाइकिल सीजी 12 बीआर 9762 बरामद की गई।

### खास बात

- एक कैंपर वाहन, बुलेट सहित 210 लीटर डीजल जब्त



पुलिस गिरफ्त मे आरोपी व जप्त डीजल।

### पुलिस लगातार कस रही है शिकंजा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए थानेदारों को फरमान जारी किया है। जिसके बाद से थाना प्रभारी लगातार ऐसे अवैध कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। पूर्व में दीपका और कुसमुण्डा पुलिस ने क्षेत्र में ताबड़तोड़ कार्रवाई की थी और इसी तरह के डीजल चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भारी भरकम डीजल जप्त किया था और कुछ पुलिसकर्मी जिनकी संलिप्तता सामने आई थी उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की थी। जिसके बाद एक बार फिर से क्षेत्र में कुछ लोग डीजल चोरी में सक्रिय हो गए हैं लेकिन जैसे ही उनके सक्रिय होने की सूचना पुलिस के कानों तक पहुंची। पुलिस ने एक बार फिर से गिरोह के फन को कुचल दिया है लेकिन इस गिरोह में शामिल फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस प्रयास में जुटी हुई है कि आखिर इस गिरोह को कौन ऑपरेट कर रहा है। जिस तक पहुंचने पुलिस प्रयासरत है।

# बंग समाज ने मनाया वोर्षोवरण उत्सव



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार को बंग समाज के तत्वावधान में बंग समाज का वोर्षोवरण उत्सव मनाया गया। सीनियर क्लब ईस्ट में हुए समारोह में मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान बंग समाज के नन्हें-मुन्ने बच्चों से लेकर बुजुर्ग कलाकारों ने नृत्य, गायन एवं संगीत विधा में खूबसूरत प्रस्तुति दी। महज 6 वर्ष की आयु के बाल कलाकार मास्टर तृणब चैधरी कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जिन्होंने अपने गुरुदेव एवं कमला नेहरु महाविद्यालय के संगीत प्राध्यापक डॉ कुणाल दासगुप्ता के सान्निध्य में तबला वादन का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में प्रमुख रुप से मास्टर प्रयत, मास्टर अभिसार, नंदिनी, श्रेया, परिधि, अनुभव, अमित बनर्जी एवं प्रांजली समेत अन्य कालाकारों ने सहभागिता दी। समारोह के दौरान फ्यूजन में इंडियन व वेस्टन कल्चर का संगम सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदू रहा। कथक के घुंघरू की छम-छम के साथ तबले के जुगलबंदी में समाहित सवाल-जवाब की रोचक संगीतमय श्रृंखला ने सभी का दिल जीत लिया। समारोह के अंत में रात्रिभोज का भी आनंद लिया गया।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आज निकाली जाएगी शोभायात्रा



**कोरबा।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर 29 अप्रैल को शाम 4 बजे बाईक रैली सीतामणी राम मंदिर से निकाली जाएगी जो पुराना बस स्टैंड, टीपी नगर, बुधवारी से व्हीआईपी रोड, आईटीआई होते हुए कोसाबाडी हनुमान मंदिर पहुंचेगी। तत्पश्चात हनुमान मंदिर कोसाबाड़ी से घंटाघर तक पैदल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में जिले मे रहने वाले सभी प्रान्त के ब्राह्मण समाज लोग शामिल होंगे। शोभायात्रा में राम सीता, हनुमान की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अलावा भगवान परशुराम की झांकी, कर्मा दल के द्वारा भगवान परशुराम की अगुवाई की जाएगी। पंडितों के द्वारा शंख वादन किया जाएगा। घंटाघर में भगवान परशुराम की भव्य आरती के बाद शोभायात्रा का समापन किया जाएगा। 30 अप्रेल को परशुराम की पूजा अर्चना और भोग भंडारा व प्रसाद वितरण किया जाएगा। उक्त धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो कर कार्यक्रम को सफल और संगठित समाज

*कोरबा। ग्रीष्म कालीन मौसम प्रारंभ होने पर तथा अधिक गर्मी पड़ने से शुष्क वातावरण में लू (तापाघात) की संभावना अधिक होती है। जो घातक या जानलेवा हो सकती है। जिले में बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय अपनाने के लिए एडवाइजरी जारी की है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# जनदर्शन में गेरांव के ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांगा मिडिल स्कूल, 120 आवेदनों पर हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर अजीत वसंत ने आमनागरिको की समस्याओं को सुना। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को सम्बंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समय-सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए हैं। जन दर्शन में कुल 120 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर जनदर्शन में आज भूमि सीमांकन, पट्टा,खाता विभाजन, जाति प्रमाण पत्र, पेंशन, वन अधिकार पत्र, प्रधानमंत्री आवास, राशनकार्ड, बिजली बिल, आदि के आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम बांधाखार निवासी निशा नायक ने जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन दिया। अखरापाली के सुरेश केवट ने भूमि संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। चोटिया के सम्मान सिंह और श्यामदास ने बालको प्रबंधन द्वारा अनुचित श्रम व्यवहार पर कार्यवाही करने की मांग की। नक्शा बटाकंन, पसान में मनरेगा से भूमि समतलीकरण और बकरी रोड निर्माण की मांग की। बेजा कब्जा, गेराव में नवीन पूर्व माध्यमिक शाला खोलने की मांग की गई। ग्राम पंचायत बनिया के सरपंच ने हाथियों के द्वारा की गई फसल नाश का मुआवजा ग्रामीणों को देने की मांग की। जवाहर लाल,रमेश कुमार एवं अन्य के द्वारा पटवारी पद पर अनुकंपा नियुक्ति होने पर उनका प्रशिक्षण कराए जाने की मांग की। विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास की शेष राशि भुगतान कराने की मांग सहित भूमि का सीमांकन, वन अधिकार पत्र प्रदाय करने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेशित कर निराकरण के निर्देश दिए हैं।



ग्रामीणों की समस्या सुनते कलेक्टर।

स्वामी जी
93406-38884





By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश,
श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री,
श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
10 मई 2025
05 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
03 अक्टूबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त,
11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411